हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शनिवार 23 मई 2026

तापमान

अधिकतम 43.0 डिग्री
न्यूनतम 26.8 डिग्री

11 अव्यवस्थाओं की भरमार पर जमकर फटकार, डायरेक्टर के निरीक्षण से अफसरों में खलबली



12 भारी गर्मी में ठंडा पड़ रहा इलेक्ट्रिक बाजार, प्रमुख आइटम्स पर महंगाई की पड़ रही मार






## खबर संक्षेप

### मारपीट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सदर थाना पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर 17 अप्रैल को कई आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पीड़ित ने रास्ता रोककर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में साल्हावास निवासी मनीष को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**बावल।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। बावल थाना पुलिस ने गत 22 अप्रैल को दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर हुए हादसे के बाद वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। चालक हादसे के बाद मौके से फरार होने में कामयाब हो गया था। इस हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने जांच के बाद इस मामले में जयपुर के रामबाग निवासी अंशुल को गिरफ्तार किया है।

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक विवाहिता की शिकायत के बाद दोनों पक्षों के बीच बातचीत से समझौता कराने के प्रयास किए थे। समझौता नहीं होने के बाद ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ गत 3 मार्च को दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने कुंडल निवासी कुलदीप को गिरफ्तार किया है।

### कोर्ट से घोषित किया पीओ चढ़ा हत्थे

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। कोर्ट ने एक मामले में हालुहेड़ा निवासी योगेश को पीओ घोषित किया था। वह बार-बार नोटिस दिए जाने के बाद भी कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था। पीओ घोषित करने के बाद उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए गए थे। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने पर दो काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गत दिनों डीसी की ओर से जारी किए किए निषेधाज्ञा के आदेशों की उल्लंघना करने पर कुछ लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने दिल्ली के जहांगीरपुरी निवासी रवि शंकर और सोनीपत के आंवली निवासी प्रवीन को गिरफ्तार कर लिया।

### रिश्वत का आरोपी कमांडेंट भेजा जेल

**रेवाड़ी।** एंटी करप्शन ब्यूरो की ओर से 50 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोपी कमांडेंट को शुक्रवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। एसीबी के इंस्पेक्टर जयपाल की टीम ने वीरवार को होमगार्ड कमांडेंट सुधीर को एक होमगार्ड से 50 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।

*सरकारी कार्यालयों में लंबे समय से चैक नहीं किए गए फायर एक्सटिंग्विशर, रिफिलिंग व एक्सपायरी डेट तक नहीं*

# नगर परिषद सहित कई कार्यालयों में नहीं आगजनी से निपटने के इंतजाम, अग्निशमक यंत्र तक नहीं, सचिवालय में फायर अलार्म बंद

हेमंत शर्मा ▶▶| रेवाड़ी

बावल कंपनी में तीन दिन पहले हुई घटना के बाद भी शहर में आगजनी से निपटने के इंतजाम फीके नजर आ रहे है। सरकारी कार्यालयों से लेकर स्कूलों और प्राइवेट इमारतों में आग से सुरक्षा बचाव के लिए फायर एक्सटिंग्विशर यानि अग्निशमक यंत्र लगाने अनिवार्य हैं। इन यंत्रों से आगजनी की मामूली घटना पर तत्काल रोक लगााने से मदद मिल जाती है। इसके लिए यह आवश्यक है कि इन यंत्रों की समय पर रिफिलिंग भी की जाए। वर्तमान में जिला सचिवालय को छोड़कर अन्य विभागों में लगे अग्निशमक यंत्रों के दुरुस्त हालत में होने पर संदेह है। इसका कारण यह है कि इन यंत्रों पर रिफिलिंग कराने व एक्सपायरी दोनों डेट या तो निकल चुकी है या कई यंत्रों पर डेट तक नहीं हैं। वहीं जिला सचिवालय में लगे यंत्रों की रिफिलिंग और एक्सपायरी डेट तो है, लेकिन सभी मंजिलों के फायर अलार्म सिस्टम बंद पड़े हुए है। एचएसवीपी कार्यालय में तो अग्निशमक यंत्र ही नहीं है, जबकि डीटीपी कार्यालय में लगे यंत्रों को देखकर ऐसा लगता है कि लंबे समय से इन्हें चैक तक नहीं किया गया है। ताज्जुब करने की बात यह है कि नगर परिषद परिसर जहां प्रतिदिन सैंकड़ों लोगों का आवागमन बना रहता है, वहां एक भी अग्निशमन यंत्र नहीं है।



रेवाड़ी। नगर परिषद परिसर में आग के इंतजाम नहीं, अग्निशमक यंत्र भी नहीं है।



### जिले में हो चुकी भीषण आग की घटनाएं

*गर्मी के मौसम में आगजनी की घटनाएं बढ़ जाती है। पिछले दिनों जिले में आग लगने की कई घटनाएं हो चुकी है। हाल ही में बावल व धारूहेड़ा कंपनी में आग लगने से काफी नुकसान हुआ है। बावल कंपनी में लगी आग से कई कर्मचारी बुरी तरह झुलस गए और कर्मचारी लापता भी है। इसके अलावा आगजनी की छिटपुट घटनाएं रोजाना हो रही है।*

### कम हो जाती है गैस की मात्रा

आमतौर पर फायर एक्सटिंग्विशर सिलेंडरों में सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट और सल्फर एसिड का इस्तेमाल किया जाता है। कार्बन डाई-ऑक्साइड गैस का भी इनमें इस्तेमाल किया जाता है। लंबे समय तक रिफिलिंग नहीं होने के कारण कैमिकल और गैस खत्म होने के कगार पर पहुंच जाती है। इन्हें हर साल रिफिल कराना जरूरी होता है। रिफिलिंग नहीं कराए जाने की स्थिति में आग लगने पर यह यंत्र मददगार साबित नहीं हो सकते है। ऐसे में बड़ा हादसा होने की आशंका भी बनी रहती है।

### अधिकांश की एक्सपायइरी डेट खत्म हो चुकी

जिला सचिवालय से लेकर अन्य स्थानों पर सरकारी दफ्तरों में फायर एक्सटिंग्विशर तो लगे हुई हैं, लेकिन अधिकांश की एक्सपाइरी डेट खत्म हो चुकी है। डीटीपी कार्यालय में लगे फायर एक्सटिंग्विशर पर जाले व पक्षियों की गंदगी जमी हुई है। ऐसा लगता है लंबे समय से यंत्रों को चैक तक नहीं किया गया है। इन एक्सटिंग्यूशर से छोटी आग की घटनाओं पर काबू पाने की कल्पना भी नहीं की जा सकती। वहीं नगर परिषद परिसर में लंबे समय से एक भी फायर एक्सटिंग्विशर नहीं है, जबकि यहां प्रतिदिन सैंकड़ों लोगों का आवागमन रहता है।



रेवाड़ी। डीटीपी कार्यालय में लगे अग्निशमक यंत्रों पर लगे जाले। फोटो : हरिभूमि

### ब्रास मार्केट में दर्जनों इमारतें, सुरक्षा के इंतजाम नहीं

ब्रास मार्केट कई वर्षों से कोचिंग सेंटरों का हब बना हुआ है। छोटे-बड़े दर्जनों कोचिंग सेंटर इस मार्केट में चल रहे हैं। बहुमंजिला बिल्डिंगों में चल रहे इन कोचिंग सेंटरों में से कई सेंटरों में बच्चों को आगजनी से बचाव के कोई इंतजाम नहीं किए हुए। कई कोचिंग सेंटरों में तो आगजनी की घटना होने के बाद निकलने के लिए वैकल्पिक या इमरजेंसी गेट तक नहीं हैं। लगभग सभी कोचिंग सेंटर बिना फायर एनओसी के चल रहे हैं। जिन बिल्डिंगों को फायर एनओसी दी जाती है, उन्हें बिल्डिंगों के साइज और हाइट के हिसाब से आग से सुरक्षा के इंतजाम करने होते हैं। अधिकांश बिल्डिंगों में आग से सुरक्षा के नाम पर फायर एक्सटिंग्विशर ही लगे हुए हैं। इनके समय से रिफिल कराने की कोई गारंटी नहीं होती है। फायर बिग्रड के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार बहुमंजिला इमारतों में तो पाइप लाइन और अंडरग्राउंड वाटर टैंकों से आग बुझाने की व्यवस्था करना जरूरी होता है। ब्रास मार्केट की बिल्डिंगों में इस तरह की कोई व्यवस्था नहीं की हुई। यही हाल शहर के दूसरे एरिया में चल रहे कोचिंग सेंटरों का भी है।

### युवक की गर्दन पर धारदार हथियार से वार

**रेवाड़ी।** बड़ा तालाब के पास वीरवार की रात कुछ लोगों ने एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। उसे ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया, जहां से गंभीरावस्था में पीजीआई रोहतक के लिए रेफर कर दिया गया। सिटी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जैनपुरी निवासी यशवंत फोटोग्राफी का कार्य करता है। उसके भाई प्रवीन के अनुसार यशवंत की स्कूटी को एक ऑटो रिक्शा ने टक्कर मार दी थी। इसके बाद ऑटो में सवार लोगों के साथ उसका झगड़ा हो गया था।

■ गंभीर हालत में पीजीआई रोहतक रेफर

बाद में मामला शांत हो गया। रात को उसका भाई किसी काम से जा रहा था। बड़ा तालाब के पास पहले से मौजूद चार लोगों ने उस पर हमला कर दिया। धारदार हथियार से हमला होने के कारण यशवंत बेसुध होकर गिर गया। उसे ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रोहतक के लिए रेफर कर दिया गया।

*एम्बुलेंस के पीछे आ रही अन्य गाड़ियां अचानक ब्रेक लेने से टकराई, तीन लोग घायल*

## सरकारी एम्बुलेंस अनियंत्रित होकर कार से टकराकर डिवाइडर पर चढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शुक्रवार सुबह रेवाड़ी-बेरली सड़क मार्ग पर गांव चांदावास के पास एक तीव्र गति से जा रही सरकारी एम्बुलेंस ने स्पीड ब्रेकर से अनियंत्रित होकर कार से टकराने के बाद डिवाइडर पर जा चढ़ी। इस दौरान एम्बुलेंस के पीछे आ रही गाड़ियां अचानक ब्रेक लेने से टकरा गई, जिससे गाड़ियों में सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों को ट्रॉमा सेंटर में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना के समय एम्बुलेंस में एक गर्भवती महिला सहित 5-6 लोग सवार थे, जिनको मामूली चोटें आई। कार से टक्कर के बाद एंबुलेंस घटना स्थल से करीब 150 मीटर दूर जाकर डिवाइडर पर चढ़कर रुक गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हादसे के बाद प्रत्यक्ष दर्शियों ने तुरंत डायल-112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई। घायलों को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया, जिनका प्राथमिक उपचार करने के बाद छुट्टी दे दी गई।





रेवाड़ी। डिवाईडर पर चढ़ी क्षतिग्रस्त एंबुलेंस, दुर्घटना में घायल व्यक्ति।

## पिस्तौल व कारतूस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सीआईए की टीम ने रामपुरा में अवैध हथियार के साथ घूम रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक देशी पिस्तौल और एक कारतूस बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ रामपुरा पुलिस थाने में केस दर्ज कराया गया है। सीआईए प्रभारी सुमेर सिंह की टीम को सूचना मिली थी कि मोहल्ला गुर्जरवाड़ा निवासी सतीश अपने साथ अवैध हथियार रखता है। वह हथियार लेकर सूगली माता मंदिर से रामपुरा की ओर पैदल जा रहा है। सीआईए की टीम ने मौके पर जाकर आरोपी सतीश को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसकी जेब से एक देशी पिस्टल व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। सीआईए ने आरोपी के खिलाफ रामपुरा पुलिस थाने में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करा दिया।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर ने किया सैनिक स्कूल का दौरा, एनसीसी कैडेट्स के नैसर्गिक विकास पर जोर



रेवाड़ी। सैनिक स्कूल में एनसीसी कैडेट्स से मिलते ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर।

*कुंड। शुक्रवार को रोहतक ग्रुप के कंमाडर ब्रिगेडियर हरदीप सिंह बर्न ने सैनिक स्कूल गोठड़ा अहीर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने एनसीसी (स्वतंत्र) कंपनी का निरीक्षण किया। दौरे का उद्देश्य एनसीसी इकाइयों, प्रशिक्षण शिविरों एवं गतिविधियों का निरीक्षण, कैडेट्स के कौशल विकास तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति युवाओं को प्रोत्साहित करना था। ग्रुप कमांडर के आगमन पर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर बर्न ने एनसीसी कंपनी से संबंधित सभी दस्तावेजों तथा यूनिट की गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने कैडेट्स की प्रगति के मूल्यांकन और विभिन्न गतिविधियों को बढ़ावा देने पर भी बल दिया। उन्होंने एनसीसी अधिकारियों व एनसीसी कैडेट्स से प्रशिक्षण के दौरान होने वाली गतिविधियों की जानकारी ली तथा फायरिंग, मैप रीडिंग, ड्रिल, आपदा प्रबंधन, सोशल सर्विस के अलावा एनसीसी कैडेट्स में नैसर्गिक विकास के लिए उचित प्रशिक्षण प्रदान करने पर जोर दिया। इससे पूर्व विद्यालय उप प्राचार्या व कमांडिंग अधिकारी एनसीसी ने पीपीटी के माध्यम से एनसीसी (स्वतंत्र) कंपनी की गतिविधियों, प्रशिक्षण, बजट व प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस मौके पर ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर एच एस बर्न ने कहा कि सेना, नौसेना, और वायु सेना जैसे सशस्त्र बलों में करियर बनाने के साथ-साथ एक अनुशासित और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित भी किया जाता है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण और नई तकनीक पर जोर देते हुए एनसीसी महानिदेशक स्तर के दौरों में कैडेट्स को नई तकनीकों, जैसे कि साइबर सुरक्षा और आधुनिक ट्रेनिंग देने पर बल दिया। इस मौके पर एनसीसी कंपनी के सभी एएनओ एवं पीआई स्टाफ सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम के समन्वयक सैकेंड ऑफिसर गौरव उपाध्याय थे। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर ने चरित्र निर्माण में एनसीसी की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कठिन परिश्रम, अनुशासन और सामूहिक सहयोग को सफलता का मूल मंत्र बताते हुए कैडेटों के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास पर बल दिया7 उन्होंने कहा कि स्कूल की एनसीसी कंपनी इकाई उच्च मानकों पर कार्य कर रही है। उन्होंने एनसीसी को केवल सैन्य प्रशिक्षण ही नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास और सामाजिक दायित्वों को बढ़ावा देने वाला संगठन बताया।*

**कल से एक बार फिर पारा चढ़ने की संभावना, बीच में तेजी आंधी के साथ बूंदाबांदी के आसार**

# भारी गर्मी से नहीं मिली राहत, आज भी नरम रहे मौसम के तेवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मौसम के तेवर लगातार तल्ख बने हुए हैं। तापमान में मामूली गिरावट का झुलसाने वाली गर्मी पर कोई असर नहीं हुआ है। गर्म हवाओं के थपेड़ों से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। लोग घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। शनिवार को भी तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है। मौसम में आंधी और बूंदाबांदी के साथ एक बार फिर बदलाव देखने को मिलेगा, लेकिन इसके बाद भारी गर्मी का असर बढ़ जाएगा। शुक्रवार को सुबह से ही आसमान साफ बना रहा। लगभग 10 बजे के बाद से गर्म हवाएं चलनी शुरू हो गईं। अधिकतम तापमान 1.5 डिग्री की कमी के साथ 43.0 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। बीते मंगलवार से दो दिन तक यह 45.5 डिग्री सेल्सियस रहा था। न्यूनतम तापमान भी 2.2 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 26.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रात का तापमान तीन दिन से सामान्य से अधिक बना हुआ था। हवा में नमी का स्तर 19 प्रतिशत तक रहा, जबकि दिन में हवाओं की रफ्तार 18 किलोमीटर प्रति घंटा तक रही। तापमान में गिरावट के बावजूद झुलसाने वाली गर्मी का असर कम नहीं हुआ। दोपहर के समय लू का प्रकोप बना रहा। बाजार से लेकर सड़कों तक पर भीड़ गायब रही। लोग शाम के समय ही घरों से बाहर निकलते हैं। दोपहर के समय घरों से बाहर निकलना हीट स्ट्रोक का कारण बन सकता है। मौसम विभाग के अनुसार कमजोर पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता एक बार फिर मौसम में बदलाव ला सकती है। आंधी के साथ बूंदाबांदी भी हो सकती है। 24 मई से तापमान में एक बार फिर वृद्धि दर्ज की जा सकती है, जिससे नौतपा के दिनों में भारी गर्मी जमकर परेशान करेगी।



रेवाड़ी। शुक्रवार को भीषण गर्मी में सरकुलर रोड पर कम रहा ट्रैफिक।

### बिजली की खपत में आई कमी

तापमान गिरने के कारण बिजली की खपत में मामूली कमी दर्ज की गई है। दो दिन पहले दैनिक खपत 98 लाख यूनिट के पार पहुंच गई थी। तापमान में गिरावट के बाद यह 95.5 लाख यूनिट पर आ गई है। मांग के अनुसार आपूर्ति होने के कारण अभी लोगों को पावर कटों से राहत मिली हुई है। ट्रांसफार्मरों की ओवरलोडिंग के चलते कुछ फीडरों में कट जरूर लग रहे हैं। तापमान बढ़ने की स्थिति में बिजली की मांग फिर से बढ़नी शुरू हो जाएगी।

### कार की टक्कर से बाइक व ऑटो सवार चार लोग घायल

**कोसली।** कोसली के मलेशियावास रोड पर वीरवार को हुई सड़क दुघर्टना में एक मोटरसाइकिल सवार व ऑटो में सवार तीन लोग घायल हो गए। गांव गुगोढ निवासी बाइक सवार सतेन्द्र कुमार ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ कोसली थाने में मामला दर्ज करवाया है। सतेंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह वीरवार को बाइक से अपने गांव गुगोढ से मलेशियावास के रास्ते से कोसली जा रहा था। वह जेएलएन नहर के पास स्थित बर्फ फैक्ट्री के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे एक गाड़ी चालक ने लापरवाही व तेज गति से गाड़ी चलाते हुए उनकी बादक तथा उसके बाद एक ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी, उन्हें तथा ऑटो में बैठे तीन लोगों को गंभीर चोटें आई। दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।




# दृश्यम 3 के स्क्रीनिंग के दौरान इमोशनल हुए मोहनलाल

**मुंबई।** मोहनलाल की मच अवेटेड फिल्म 'दृश्यम 3' 21 मई को रिलीज हुई। खास बात यह है कि इसी दिन अभिनेता ने अपना 66वां जन्मदिन भी मनाया। फिल्म को लेकर लगातार शानदार रिव्यू सामने आ रहे हैं। इसी बीच मोहनलाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह दर्शकों का रिएक्शन देखकर इमोशनल हो जाते हैं। अपनी फिल्म 'दृश्यम 3' के फर्स्ट डे, फर्स्ट शो स्क्रीनिंग के दौरान मोहनलाल काफी इमोशनल नजर आए। वायरल वीडियो में मोहनलाल अपनी की टीम के साथ थिएटर में बैठे नजर आ रहे हैं। फैंस के साथ फिल्म का फर्स्ट डे, फर्स्ट शो देखते हुए अभिनेता काफी भावुक हो गए और अपनी आंखों से आंसू पोंछते दिखाई दिए। इस दौरान उन्होंने तालियां बजा रहे एक दर्शक का हाथ जोड़कर धन्यवाद भी किया।

## लाइफ Style

# रिद्धि
## फेयरीटेल जैसी शादी की उम्मीद न रखें



अभिनेत्री रिद्धि डोगरा ने हाल ही में एक पोस्ट साझा की है, जिसमें वह युवा लड़कियों को एक खास मैसेज दे रही हैं। यह संदेश कहीं ना कहीं जाकर मॉडल ट्विशा शर्मा मौत मामले से जुड़ता है। बीते दिनों भोपाल से एक मॉडल ट्विशा शर्मा की मौत की खबर आई। रिपोर्ट में पुष्टि हुई थी कि ट्विशा की मौत फांसी लगाने से हुई, यह मामला अब दहेज जैसी कुप्रथा से जाकर भी जुड़ गया है। इस मामले पर कई सेलेब्स भी रिएक्ट कर चुके हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


रिद्धि डोगरा की पोस्ट भी इसी मामले से जुड़ी हुई लगती है। वह अपनी पोस्ट में लड़कियों को आत्मनिर्भर बनने की सीख दे रही हैं, फेमिनिज्म का असली मतलब बता रही हैं। रिद्धि डोगरा ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'युवा लड़कियों और लड़कों यह 2026 है। प्लीज शादी को जरूरत से ज्यादा रोमांटिक बनाना बंद करें। अब शादी पहले जैसी नहीं रही। लड़कों को यह समझना चाहिए कि लड़कियां अब हर बात पर आंख बंद करके विश्वास नहीं करेंगी, क्योंकि कानून और समाज ने उन्हें सशक्त बनाया है। आज वे नौकरी कर सकती हैं। समाज में सम्मान से जी सकती हैं। इसलिए उन्हें किसी पर निर्भर होकर जीने की जरूरत नहीं है। लड़कियों को शादी की जरूरत जिंदगी चलाने के लिए नहीं है।' रिद्धि आगे लिखती हैं, 'लड़कियों प्लीज यह उम्मीद मत रखिए कि शादी के बाद आपका बॉयफ्रेंड कोई मिस्टर परफेक्ट बन जाएगा। वे भी इंसान है। इस नई दुनिया को समझने की कोशिश कर रहा है। उनके लिए यह बदलाव और भी नया है, क्योंकि उन्होंने एक अलग समाज देखा है, जहां पुरुषों से अलग उम्मीदें रखी जाती थीं। एक बार फिर कहूंगी, आप किसी फेयरीटेल जैसी शादी की उम्मीद मत रखिए। खुद को शिक्षित बनाइए। अपने लिए जीना सीखिए और अपने लिए खड़े होना सीखिए। शादी प्यार और सम्मान के लिए कीजिए।' रिद्धि ने शादी में किसे दूसरे के दखल को लेकर भी कुछ काफी कुछ लिखा।

## हॉलीवुड मसाला



# रिकी के लाइव शो में मचा बवाल...

**लॉस एंजिल्स।** सिंगर रिकी मार्टिन के कॉन्सर्ट के फैंस दीवाने हैं। उनके लाइव टूर के दौरान एक फैन ने ऐसी हरकत कर दी, जिससे कॉन्सर्ट के रंग में भंग पड़ गया। हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने स्थिति पर जल्द काबू पा लिया। जिसके बाद कॉन्सर्ट दोबारा शुरू कर दिया गया। गायक रिकी मार्टिन का इन दिनों एक लाइव टूर पर हैं। जिस वजह से मॉन्टेनेग्रो में उनके एक शो का आयोजन हुआ था। फैंस स्टेज के नीचे उनके गानों पर झूम रहे थे। सिंगर स्टेज पर गा रहे थे। उसी दौरान एक फैन ने स्टेज की तरफ आंसू गैस का छिड़काव कर दिया। जिससे शो के दौरान अफरा- तफरी मच गई। जिसके बाद मार्टिन को स्टेज से सुरक्षित ग्रीन रूम में ले जाया गया। दूसरी तरफ सुरक्षाकर्मियों और अधिकारियों नें स्थिति सामान्य कर ली। रिकी मार्टिन ने अपने करियर की शुरुआत 12 साल की उम्र में।



# स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे में काम करना सपनों जैसा

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेंडाया और टॉम हॉलैंड फिल्मी दुनिया के मशहूर कपल हैं। दोनों पार्टनर होने के साथ-साथ को स्टार्स भी हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने टॉम हॉलैंड के साथ अपनी आगामी फिल्म 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' की शूटिंग के दौरान के अनुभव साझा किए। एक्ट्रेस जेंडाया ने एक इंटरव्यू में अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, 'फिल्म 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' में काम करना मेरे लिए एक सपने जैसा है। यहां मुझे हर दिन अपने सबसे अच्छे दोस्त और सबसे करीबी व्यक्ति के साथ काम करने का मौका मिलता है। हम अपने पेट डॉग को भी काम पर लाते हैं। यह एक पारिवारिक माहौल जैसा है। हम इन फिल्मों को देखते हुए बड़े हुए हैं। इस फिल्म के सेट पर घर लौटने जैसा महसूस होता है।' जेंडाया ने अपनी और टॉम की दूसरी फिल्म 'द ओडिसी' के बारे में भी काफी कुछ कहा। उन्होंने बताया कि इसमें टॉम के साथ उनका कोई एक्शन सीन नहीं है जिससे उन्हें टॉम को सेट पर काम करते देखने का मौका मिलता है। उन्हें इस फिल्म पर काम करते देख उन्हें गर्व महसूस होता है। बता दें, 'द ओडिसी' 17 जुलाई को रिलीज होने वाली है। इसमें जेंडाया ने एथेना का किरदार निभाया है जो ज्ञान की देवी है और ओडीसियस की रक्षक भी।



# बॉस्को और प्रियंका की दोस्ती के हुए 25 साल

**मुंबई।** मशहूर बॉलीवुड कोरियोग्राफर बॉस्को मार्टिस ने सोशल मीडिया पर ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा के साथ अपनी कई खूबसूरत तस्वीर शेयर की हैं। दोनों के कामकाजी रिश्ते को 25 साल पूरे हो चुके हैं, जिसका जश्न मनाते हुए बॉस्को ने एक खास पोस्ट और नोट सोशल मीडिया पर शेयर किया है। बॉस्को की इस पोस्ट पर प्रियंका ने दिलचस्प जवाब दिया है। बॉस्को मार्टिस ने इंस्टाग्राम पर अपने साथ प्रियंका चोपड़ा की कई तस्वीरें और सेल्फी शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ बॉस्को ने कैप्शन में लिखा, '25 साल पूरे और यह सफर आगे भी जारी रहेगा। प्रियंका, आपकी एनर्जी कमाल की है। आपके साथ काम करना हमेशा बहुत मजेदार होता है।' इस तस्वीर में प्रियंका चोपड़ा सफेद रंग की स्टाइलिश ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं, जबकि बॉस्को ब्लैक कपड़ों और कैप में कूल नजर आ रहे हैं।



# सुहाना के जन्मदिन पर अनन्या शनाया ने लुटाया प्यार

**मुंबई।** शुक्रवार को शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान ने अपना 26वां जन्मदिन मनाया। इस खास मौके पर सुहाना खान की दोस्त और बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे और शनाया कपूर ने सोशल मीडिया पर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है।शनाया कपूर ने अपनी सबसे अच्छी दोस्त सुहाना खान को जन्मदिन की बधाई देते हुए अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में दोनों रंग-बिरंगी यूरोपीय इमारतों और नावों के सामने एक साथ पोज देती नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ शनाया ने लिखा, 'हैप्पी बर्थडे माई सु। लव यू फॉर लाइफ। जिंदगी भर के लिए ढेर सारा प्यार। सुहाना ने शन्या की इस पोस्ट को लाइक किया और इसे अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दोबारा शेयर किया। अनन्या पांडे ने भी अपनी दोस्त सुहाना को जन्मदिन की खास बधाई देते हुए इंस्टाग्रम स्टोरी पर एक प्यारी तस्वीर शेयर की है।

## टीवी मसाला



# महिलाओं की सबसे बड़ी मुश्किल हल करती है 'हूज योर' सीरीज

**नई दिल्ली।** महिलाओं के यौन स्वास्थ्य से जुड़े कई मिथ्य, रूढ़ियां, और संकोच होते हैं, जो आज के प्रोग्रेसिव समय में भी देखने को मिलते हैं। हूज योर गायनेक सीजन एक स्त्री रोग विशेषज्ञ के जरिए इन्हीं समस्याओं पर गहरी बात करती है। साल 2023 में आई सबा आजाद की वेब सीरीज हूज योर गायनेक का आधार महिलाओं के यौन समस्याओं के प्रति जागरुकता थी। अब एमएक्स प्लेयर पर आया दूसरा सीजन उन समस्याओं को लेकर आया है, जिसे ज्यादातर महिलाएं इग्नोर करती हैं। कहानी पहले सीजन से आगे बढ़ती है। इस बार डॉक्टर विदुषी (सबा आजाद) के सामने नई चुनौतियां हैं। इस बार लव लाइफ तो ट्रैक पर है, लेकिन करियर पर खतरा मंडरा रहा है। उसे अपना क्लीनिक बचाना है, जिसका रेंट भरने तक के उसके पास पैसे नहीं है और क्लीनिक बंद होने की कगार पर आ खड़ा है। साथ ही साथ वह अपनी उस बेस्ट फ्रेंड को मदरहुड गिल्ट व पोस्टपार्टम डिप्रेशन से बाहर निकालने की कोशिश करती है, जिसकी डिलीवरी उसने की है। पांच एपिसोड्स के जरिए डॉक्टर विदुषी निजी जिंदगी में चुनौतियों के साथ-साथ महिलाओं के यौन संबंधी समस्याओं पर गहरी बात करती है। सीरीज में अलग-अलग केस के जरिए मदर गिल्ट, पोस्टपार्टम डिप्रेशन, हार्मोनल डिसबैलेंस के चलते बेबी कंसीव न करना, पीरियड इंटीमेसी मिथ्य, सेल्फ केयर, आइडेंटिटी, बढ़ती उम्र में पीरियड के खत्म होने के दौरान महिलाओं को होने वालीं दिक्कतें, सी-सेक्शन कराने का डर समेत कई समस्याओं को दिखाया गया है।

## खतरों के खिलाड़ी 15 में भिड़ेंगे ये प्रतिभागी

**नई दिल्ली।** इस बार टीवी और फिल्मों के चर्चित सेलेब्स 'खतरों के खिलाड़ी 15' का हिस्सा बन रहे हैं। शो के होस्ट रोहित शेट्टी के साथ सभी प्रतियोगी साउथ अफ्रीका के लिए रवाना हो चुके है। 'खतरों के खिलाड़ी 15' की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। इसमें भाग लेने वाले 13 प्रतिभागियों के नाम इस प्रकार हैं। गौरव खन्ना टीवी के चर्चित एक्टर हैं, कई हिट सीरियल्स का वो हिस्सा रहे हैं। सीरियल अनुपम से उन्हें खूब पॉपुलैरिटी मिली। सीरियल 'बालिका वधू' के जरिए अविका गौर घर-घर मशहूर हुईं। सीरियल 'ये हैं मोहब्बतें' में रूही का किरदार रुहानिका धवन ने निभाया था, इस सीरियल में उन्होंने चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काम किया। अब वह बड़ी हो चुकी हैं। मॉडल, एक्ट्रेस फराहान भट्ट रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' का हिस्सा बनकर लाइमलाइट में आई थीं। एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन भी टीवी सीरियल की दुनिया का जाना-माना नाम हैं। वह टीवी एक्टर अली गोनी को डेट कर रही हैं। जैस्मिन अपने चुलबुले अंदाज के लिए जानी जाती हैं। ओरी सोशल मीडिया पर एक इंफ्लुएंसर के तौर पर फेमस हैं।



# आराध्या संग कान फेस्टिवल के लिए रवाना हुईं ऐश्वर्या

**मुंबई।** ऐश्वर्या राय हाल ही बेटी आराध्या के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं और कहा जा रहा है कि वह कान फिल्म फेस्टिवल में शिरकत करने गई हैं। पिछले दिनों जब ऐश्वर्या उस इंटरनेशनल कॉस्मेटिक ब्रांड के वीडियो में नहीं दिखीं, जिसकी वह कई साल से एंबेसेडर हैं और Cannes में प्रमोट करती रही हैं, तो फैंस भड़क गए थे। ऐश्वर्या भी पब्लिक की नजरों से गायब थीं, जबकि कान के रेड कार्पेट पर आलिया भट्ट से लेकर बाकी सेलेब्स नजर आ रहे थे। यहां तक कि आलिया का पोस्टर भी ब्रांड के वीडियो में था। अब जब ऐश्वर्या कान जाने के लिए निकलीं और एयरपोर्ट पर नजर आईं, तो फैंस खुशी से झूम उठे। हालांकि, मुंबई एयरपोर्ट पर कुछ ऐसा हुआ, जिससे खुद ऐश्वर्या तो चौंक गईं पर उनके जेस्चर ने फैंस का दिल जीत लिया। दरअसल, जब ऐश्वर्या एयरपोर्ट पर पहुंचीं, तो अफरा-तफरी में किसी की चप्पल वहां निकल गई। उसे देख ऐश्वर्या रुकीं और इशारा करके पूछा कि किसकी है और फिर पपाराजी से 'केयरफुल' रहने को कहा। इसके बाद एक फैन ने ऐश्वर्या से तस्वीर खिंचवाने की गुजारिश की, तो वह हंसी-खुशी मान गईं। उसके साथ पोज दिए और पपाराजी को बाय बोलकर आगे बढ़ गईं। ऐश्वर्या जल्दी में थीं, फिर भी उन्होंने फैंस और पपाराजी को वक्त दिया। उनकी इसी अदा ने यूजर्स का दिल जीत लिया है।



# पूजा ने आमिर के साथ साझा की पुरानी तस्वीरें

**मुंबई।** 90 के दशक की फिल्में, गाने और सेलेब्स की जोड़ियां आज भी सिनेमाप्रेमियों की पहली पसंद हैं। इस बीच अभिनेत्री व फिल्ममेकर पूजा भट्ट ने आमिर खान के साथ 90 के दशक की कुछ तस्वीरें साझा की हैं। तस्वीरें किसी फोटोशूट की मालूम पड़ती हैं। हालांकि, पूजा ने इन तस्वीरों के पीछे की कहानी को लेकर जो कुछ कहा है, उसको लेकर फैंस और भी उत्साहित हैं और इनके पीछे की कहानी जानना चाहते हैं। पूजा भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम पर आमिर खान के साथ 90 के दशक के एक फोटोशूट की दो तस्वीरें साझा की हैं। ये पुरानी तस्वीरें मशहूर फोटोग्राफर गौतम राज्याध्यक्ष ने खींची थीं। इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए पूजा ने कैप्शन में लिखा, 'एक दिन मैं गौतम राज्याध्यक्ष के ह्यूजेस रोड स्थित आलीशान घर की बालकनी में खींची गई इन तस्वीरों के पीछे की कहानी जरूर साझा करूंगी। लेकिन, अभी नहीं। इससे पहले आमिर को याद दिला दूं और जितेश पिल्लई को (जैसा कि मैंने बहुत समय पहले वादा किया था) सारी जानकारी देकर उन्हें खुश कर दूं। तस्वीरों में आमिर और पूजा यंग नजर आ रहे हैं। दोनों ने मैचिंग करते हुए सफेद रंग के कपड़े पहने हुए हैं। दोनों साथ में प्यारा पोज दे रहे हैं। पूजा भट्ट और आमिर खान ने 1991 की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दिल है के मानता नहीं' में एक साथ काम किया था। इसका निर्देशन पूजा भट्ट के पिता और दिग्गज फिल्ममेकर महेश भट्ट ने किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी और इसके गाने आज भी कई लोगों की प्लेलिस्ट में शामिल हैं। फिल्म में आमिर ने पत्रकार रघु जेटली का किरदार निभाया था, जबकि पूजा ने अमीर घर की वारिस पूजा धर्मचंद की भूमिका निभाई थी। पूजा भट्ट हाल ही में 'बॉम्बे बेगम्स' और 'बिग बॉस ओटीटी 2' जैसे प्रोजेक्ट्स में नजर आईं। जबकि आमिर खान पिछले साल आई फिल्म 'सितारे जमीन पर' में नजर आए थे। इसके अलावा उन्होंने हाल ही में अपने बेटे जुनैद खान की फिल्म 'एक दिन' को प्रोड्यूस किया था। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी थी।

खास अंदाज में दिखे सितारे



## बहुत पसंद किया गया यह गाना, लिरिक्स में छिपा है पिता का दर्द


# बेटे से बिछड़ने के गम में लिखा गाना, लव सॉन्ग समझकर गाते हैं लोग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आ लौट के आजा मेरे मीत... गाना सुनकर ज्यादातर लोगों को लगता है कि यह प्रेमी-प्रेमिका के विरह का गाना है। पर इस गाने के बनने की कहानी बेहद इमोशनल करने वाली है। हकीकत जानने के बाद जब आप इसके बोल ध्यान से पढ़ेंगे तो अहसास होगा कि इसमें एक पिता का दर्द छिपा है। यह गाना रानी रूपमति का है। इसे पंडित भरत व्यास ने लिखा था। यही नहीं, उनका एक और गाना अपने बेटे से बिछड़ने के बाद का जिनमें एक पिता की पीड़ा महसूस की जा सकती है। यह कहानी कम लोग जानते हैं।

### बेटे की याद में आ लौट के आ जा मेरे मीत

इसके बाद रानी रूपमति के गाने 'आ लौट के आ जा मेरे मीत' में भी भरत व्यास ने बेटे की याद में लिखा था। अब आप जब इस गाने को सुनेंगे या लिरिक्स पढ़ेंगे तो उनका कलेजा चीरने वाला दर्द साफ पता चलेगा। यह गाना बहुत पसंद किया गया। अच्छी बात यह थी इसके बाद उनका बेटा वापस आ गया।



### ऐसे लिखा जरा सामने तो आ छलिए

बच्चे की तलाश जारी थी। हर जतन किया जा रहा था। दूसरी ओर भरत व्यास का काम से मन हट गया। वह गुमसुम रहने लगे और चिड़चिड़े हो गए। बताया जाता है कि एक दिन एक प्रोड्यूसर ने उनसे गाना लिखने की दरख्वास्त की। भरत परेशान थे, उन्होंने गुस्से में ना कह दिया। उनकी पत्नी ने निर्माता से कहा कि वह उन्हें समझाएंगी। भरत की पत्नी ने उन्हें समझाया तो वह राजी हो गए। भरत व्यास ने 'जरा सामने तो आ ओ छलिए' गाना अपने बेटे की याद में लिखा। गाने को लता मंगेशकर और मोहम्मद रफी ने गाया।

### पिता की वेदना से निकला था गाना

आ लौट के आजा मेरे मीत, जरा सामने तो आओ छलिये ये दो गाने भरत व्यास ने अपने बेटे से बिछड़ने के बाद लिखे थे। 1957 की म्यूजिकल हिट 'जनम जनम के फेरे' का एक गाना आज तक सुना जाता है। फिल्म रिलीज के वक्त यह रेडियो पर प्रसारित होता था और लोगों ने इसे बहुत पसंद किया। गाना दिल की गहराई तक उतरता है। कम लोग जानते हैं कि गाने को बोलों में छिपी वेदना एक पिता की संवेदना से आई थी। गाना भरत व्यास ने उस वक्त लिखा था जब वह अपने बेटे के रूठकर कहीं चले जाने के दर्द से गुजर रहे थे।

### नाराज होकर चला गया था बेटा

भरत व्यास का बेटा श्याम सुंदर दास बहुत लाडला था। छोटी-छोटी बातों का उस पर गहरा असर हो जाता था। एक दिन वह अपने पिता की किसी बात से नाराज हो गया। गुस्से में घर से चला गया। बेटे को बहुत खोजा गया। विज्ञापन दिए, पोस्टर लगाए। मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे हर जगह प्रार्थना की। बेटा नहीं मिला। भरत व्यास इस दर्द में थे। बेटे के जाने का गम उन्हें खाए जा रहा था। वह डिप्रेशन में जाने लगे और अपराधबोध में आ गए।

## खबर संक्षेप

### सफाई कर्मचारियों ने दी आंदोलन तेज की चेतावनी

**मंडी अटेली।** अटेली में ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा ने अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है। यूनियन के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के अटेली स्थित कैंप कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपा। यूनियन के खजांची कृष्ण कुमार और महासचिव कामरेड सुभाष चंद्र एडवोकेट ने बताया कि हरियाणा सरकार ने वर्ष 2007 में गांवों की साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की थी। तब से कर्मचारी लगातार अपनी सेवाएं दे रहे हैं ।

### बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**महेंद्रगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाणी राजावास में शुक्रवार को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्यकर्मी अनूप सिंह व रेणु जांगिड़ ने छात्र-छात्राओं व ग्रामीणों को लिंगानुपात में सुधार व बालिका शिक्षा के महत्व पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बेटियां बोझ नहीं, समाज की शान हैं। बेटियों को पढ़ा-लिखाकर आत्मनिर्भर बनाना जरूरी है। इस दौरान आशा वर्कर नसीब व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कमला ने भी ग्रामीणों को कन्या भ्रूण हत्या रोकने की जानकारी दी।

### विधायक कंवर सिंह ने कन्या को दिया आशीर्वाद

**मंडी अटेली।** महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह अटेली पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रीवेंस कमेटी सदस्य एडवोकेट बबली यादव के निवास पर जाकर उनके परिवार को शुभकामनाएं दी। इस दौरान विधायक ने उनकी पुत्रवधु डॉ. पारुल यादव और उनके पति डॉ. विनय यादव को नवजात कन्या के जन्म पर बधाई दी तथा बच्ची को आशीर्वाद देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री के निजी सचिव विकास यादव, पूर्व चेयरमैन विकास यादव, पार्षद अंशुल, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण शर्मा, अटेली मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार गनियार, मनजीत भीलवाड़ा, मंडल महामंत्री इंद्रजीत यादव, सवितराज, डॉ. जतिन और डॉ. ऊषा यादव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### सरकार की नीतियों से कर्मचारी परेशानः जरनैल

**नारनौल।** सर्व कर्मचारी संघ की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान कौशल कुमार यादव ने की। बैठक में सर्व कर्मचारी संघ के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान जरनैल सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य कैशियर महेंद्र सिंह सेंगलिया तथा सर्व कर्मचारी संघ के राज्य सचिव महेंद्र बोयत भी मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जरनैल सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार की दोगली नीतियों के कारण प्रदेश के कर्मचारी परेशान हैं। कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं को लेकर प्रदेश के सभी जिलों में लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में वर्षों से कार्यरत कच्चे कर्मचारियों को जल्द पक्का करेन और पुरानी पेंशन को बहाल करने की मांग उठाई।

### सिविल अस्पताल की लैब तक में मिली भारी खामियां

# अव्यवस्थाओं पर लगाई फटकार, डायरेक्टर के औचक निरीक्षण से अफसरों में खलबली

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

**खामियों को तत्काल दूर करने और बेहतर सेवाओं की व्यवस्थाओं के दिए निर्देश**

प्रदेश के स्वास्थ्य निदेशक डा. रविंद्र कुमार के शुक्रवार को सिविल अस्पताल के औचक निरीक्षण से अस्पताल के डॉक्टरों व स्टाफ में हड़कंप मच गया। अस्पताल में अव्यवस्थाओं की भरमार देखकर हेल्थ डायरेक्टर की बौहें तनी रहीं। उन्होंने सीएमओ और पीएमओ को तत्काल इन अव्यवस्थाओं को दूर करने के आदेश दिए। साथ ही कर्मचारियों का रिकॉर्ड मुख्यालय तलब कर लिया गया है। रिकॉर्ड की जांच के बाद आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। डा. रविंद्र कुमार सुबह कार्यालय खुलने के समय पर अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने अस्पताल में एक-एक विभाग का बारीकी से निरीक्षण किया। कई विभागों में भारी खामियां पाए जाने पर अधिकारियों से सवाल किए, तो उनका संतोषजनक जवाब तक नहीं मिला। लैब से लेकर दूसरे कक्षों तक में अनियमितताएं पाई गईं। उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए खामियों को तत्काल दूर करने और अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था के आदेश दिए। उन्होंने देखा कि कुछ विभागों में कर्मचारी खाली बैठकर टाइम पास कर रहे हैं, तो कुछ कर्मचारियों पर जरूरत से ज्यादा काम का भार डाला हुआ है। उन्होंने कर्मचारियों की ड्यूटी का रिकॉर्ड तलब करते हुए कहा कि आउटसोर्स पर लगे कर्मचारियों को लेकर रिव्यू किया जा सकता है। अगर जरूरत पड़ी तो संबंधित कंपनी का ठेका भी कैंसिल किया जा सकता है। रविंद्र कुमार ने मौके पर ही मौजूद सीएमओ और एसएमओ को सभी व्यवस्थाओं को तुरंत दुरुस्त करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल की मौजूदा कार्यप्रणाली सिर्फ संतोषजनक कही जा सकती है। जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिहाज से यह बेहद नाकाफी है। इस मौक पर सीएमओ डा. नरेंद्र दहिया व पीएमओ डा. सुरेंद्र यादव सहित कई अधिकारी और डॉक्टर मौजूद थे।


रेवाड़ी। डायरेक्टर रविंद्र कुमार अस्पताल का निरीक्षण करते हुए।


रेवाड़ी। स्वास्थ्य कर्मियों से बात करते डायरेक्टर रविंद्र कुमार। फोटोः हरिभूमि

#### नई बिल्डिंग के लिए खाली होगी जमीन

बाद में पत्रकारों से बातचीत में डा. रविंद्र कुमार ने बताया कि सीएम नायब सिंह सैनी और स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर वह और दूसरे अधिकारी प्रदेश के सभी जिलों में अस्पतालों का निरीक्षण कर रहे हैं। सिविल अस्पताल की नई बिल्डिंग का निर्माण कराने के लिए गायनी, ओपीडी, लेबर रूम और ट्रॉमा सेंटर को नई बिल्डिंग में जल्द शिफ्ट कराया जा रहा है। अस्पताल के पीछे 2 एकड़ जमीन को भी जल्द खाली करा दिया जाएगा।

#### लैब रिकॉर्ड पूछने पर नहीं मिला जवाब

निदेशक ने लैब में गर्भवती महिलाओं के यूरीन टेस्ट की रिपोर्ट के बारे में पूछा, तो वहां मौजूद कर्मचारी से लेकर अधिकारी तक जवाब नहीं दे पाए। इस बात पर उन्होंने जमकर फटकार लगाते हुए लैब का रिकॉर्ड मैनटेन रखने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा। लापरवाह अधिकारियों की पहचान के बाद उनके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

#### लिफ्ट को सुचारू करने के लिए बातचीत जल्द

उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी विभाग के साथ अगले महीने बैठक की जाएगी। इस बैठक के बाद फुटओवर ब्रिज और लिफ्ट को आम जनता के लिए जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को आने-जाने में भारी राहत मिलेगी। इन व्यवस्थाओं को सुचारू कराने के लिए निकाय विभाग की मदद भी ली जाएगी। उन्होंने कहा कि नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू कराने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।


रेवाड़ी। योगाभ्यास करते हुए लोग। फोटोः हरिभूमि

## योग भारतीय संस्कृति की धरोहर आज पूरा विश्व अपना रहाः रीना

- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित योग प्रशिक्षण एवं प्रोटोकॉल का तीसरा दिन उत्साह के साथ हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग, हरियाणा योग आयोग, जिला प्रशासन और आयुष मन्दिरम एवं पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित योग प्रशिक्षण एवं प्रोटोकॉल अभ्यास शिविर के तीसरे दिन का सत्र उत्साह एवं अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को योग के प्रति जागरूक करना है। आयुष मंदिरम् से योग प्रशिक्षिका रीना सिंह ने योग साधकों को ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, त्रिकोणासन व वज्रासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ बनाता है। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है।

#### किया आह्वान

पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी दयाराम आर्य ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की पद्धति है। उन्होंने सभी से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। जिला महिला प्रभारी सरोज आर्या ने कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी एवं उद्गीत प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए बताया कि प्राणायाम तनाव, चिंता एवं अनेक बीमारियों से बचाव में अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने कहा कि नियमित प्राणायाम से मन शांत, एकाग्र एवं सकारात्मक बनता है। योग शिक्षिका बिंदु, शोभना एवं सपना ने जलनेति क्रिया का प्रदर्शन कर इसके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। इस अवसर पर भारत स्वाभिमानके जिला प्रभारी मुकेश कुमार, रविंद्र कुमार सैनी, थानेदार सर्वसुख यादव, कैप्टन दलीप सिंह, एडवोकेट अनिल अत्री, लालसिंह, धर्मवीर, बलवान, रविंद्र, दिनेश कुमार, कर्ण सिंह, सूरजपाल सिंह, जेपी सैनी, भीम सिंह सैनी, अनिल चौहान व नमिता देवी सहित बड़ी संख्या में योग साधक उपस्थित थे।

## पटवारियों को सुबह 10 से 12 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश

- पटवारी को बाहर जाने के लिए लेनी होगी तहसीलदार की अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭कोसली

कोसली के एसडीएम विजय कुमार यादव ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार सभी पटवारी सुबह 10 से 12 बजे तक अपने कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। हरियाणा सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजशेखर वुंदरु के साथ वीसी के बाद एसडीएम ने कहा कि पटवारी को कहीं बाहर जाना है तो तहसीलदार की अनुमति लेनी होगी। उन्होंने कहा कि अब सरकार ने राजस्व विभाग के भी गांवों में खुले दरबार लगाने शुरू कर दिए हैं, जिनमें लोगों की जमीन संबंधी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जाता है। जिससे लागों को काफी सहायता मिली है।


एसडीएम विजय कुमार यादव।

#### मौके पर करें निवारण

एसडीएम ने कहा कि सोमवार और वीरवार को उपमंडल स्तर पर लघु सचिवालय परिसर में समाधान शिविर का आयोजन किया जाता है। इन शिविरों में राजस्व विभाग से संबंधित कोई शिकायत आती है तो पटवारी मौके पर जाकर उसका निवारण कराएंगे। किसी कारण से समाधान नहीं हो पाता है तो शिकायतकर्ता को उसकी वजह जरूर बताए।

## नैक मापदंडों की तैयारी के लिए दस टीमें गठित

- आईजीयू में नैक मापदंडों के व्यावहारिक प्रशिक्षण व तैयारियों में तेजी पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता एवं प्रत्यायन प्रकोष्ठ की ओर से शुक्रवार को नैक के अलग-अलग 10 मापदंडों के व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं तैयारियों में तेजी लाने के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय नई दिल्ली से प्रोफेसर अनिल सैनी ने प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने सभी क्राइटेरिया की जानकारी दी। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी ने कहा कि नैक की तैयारी को गति देने के उद्देश्य से सभी 10 क्राइटेरिया के लिए 10 टीमें तैयार की गई है। इन सभी मापदंडों के लिए बनाए गए संयोजक विश्वविद्यालय के नैक कोऑर्डिनेटर तथा आईक्यूएसी प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन में काम करेंगे। कार्यशाला में कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह, अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रोफेसर सुनील कुमार एवं डायरेक्टर रिसर्च एवं नैक कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर पंकज त्यागी ने भी भाग लिया। आईक्यूएसी प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. विकास बत्रा ने कार्यशाला के बारे में बताया।


रेवाड़ी। कार्यशाला में जानकारी देते हुए वक्ता। फोटोः हरिभूमि

#### किया स्वागत

अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रो. सुनील कुमार ने सभी का स्वागत किया। कुलसचिव ने विश्वविद्यालय की एकेडमिक उन्नति में नैक एवं आईक्यूएसी के योगदान पर प्रकाश डाला। डायरेक्टर रिसर्च प्रो. पंकज त्यागी ने सभी का धन्यवाद किया। कार्यशाला के आयोजन में समिति के सदस्य मनोविज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर संदीप, इतिहास विभाग में सहायक प्रोफेसर वीरेंद्र सिंह, अर्थशास्त्र विभाग में सहायक प्रोफेसर डा. रितु एवं वाणिज्य विभाग से डा. ईश्वर शर्मा का योगदान रहा।

## बीईएस का विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

- विद्यार्थियों ने भ्रमणकर जानी उद्योगों की कार्यप्रणाली, उत्पादन प्रक्रिया और आधुनिक मशीनों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

भारतीय मानक ब्यूरो फरीदाबाद शाखा की ओर से विद्यार्थियों की तकनीकी ज्ञान, कौशल विकास एवं औद्योगिक समझ को बढ़ाने के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया। बीबीडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल बिहारीपुर के विद्यार्थियों को आईएमटी मानेसर स्थित एंब्रोस शू कंपनी का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर कंपनी के गुणवत्ता मैनेजर निखिल दीक्षित एवं अन्य अधिकारियों ने विद्यार्थियों को उद्योगों की कार्यप्रणाली, उत्पादन प्रक्रिया, आधुनिक मशीनों तथा गुणवत्ता प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। विद्यार्थियों ने विभिन्न विभागों का अवलोकन कर व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। भारतीय मानक ब्यूरो के वैज्ञानिक एवं निदेशक महेंद्र कुमार परमाणिक ने कहा कि इस प्रकार की विशेष विजिट विद्यार्थियों में तकनीकी जागरूकता, आत्मविश्वास एवं कैरियर निर्माण के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम का समन्वयन मानक पदोन्नति अधिकारी गौरव कुमार और जिला संयोजक वीरेंद्र सिंह ने किया। विद्यार्थियों एवं विद्यालय प्रबंधन ने शैक्षणिक भ्रमण को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताते हुए भारतीय मानक ब्यूरो तथा कंपनी प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।


रेवाड़ी। भ्रमण के दौरान मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी। फोटोः हरिभूमि

## धामलावास में मिलेंगी स्वास्थ्य सुविधाएं

- सरपंच एंव ग्रामीणों ने विधिवत रूप से रखी नए अस्पताल भवन आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

जिले के गांव धामलावास में शुक्रवार को अस्पताल के नए भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। ग्राम पंचायत की ओर से बनाए जा रहे भवन की आधारशिला सरपंच प्रतिनिधि सुभाष यादव के नेतृत्व में रखी गई। आचार्य पंडित सुरेश शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत भूमि पूजन कराकर आधारशिला रखवाई। सरपंच प्रतिनिधि ने बताया कि नया अस्पताल भविष्य में ग्रामवासियों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का केंद्र बनेगा। आपातकालीन सेवाओं एवं आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से गांव के प्रत्येक परिवार को लाभ मिलेगा। कोरोना काल में भी इस प्रकार के ग्रामीण अस्पतालों ने नागरिकों की जीवन रक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। इस मौके पर अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।




महेंद्रगढ़। सतनाली में प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटोः हरिभूमि

### ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम भेजा ज्ञापन

**महेंद्रगढ़।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा संबंधित एआईयूटीयूसी के सतनाली ब्लाक के ग्रामीण सफाई कर्मचारी बीडीपीओ कार्यालय में एकत्रित हुए तथा ब्लॉक प्रधान जगदीश प्रसाद की अध्यक्षता में सभा की। इस दौरान सतनाली बीडीपीओ कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन कर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की लंबित न्यायचित मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री सरकार के नाम बीडीपीओ सतनाली के मार्फत एसईपीओ सतनाली को सौंपा। सभा प्रदर्शन को ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा संबंधित एआईयूटीयूसी जिला प्रधान पवन कुमार वाल्मीकि, ब्लॉक प्रधान जगदीश प्रसाद, एआईयूटीयूसी जिला प्रधान मास्टर सुबे सिंह ने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी वर्ष 2007 से गांवों में साफ सफाई का कार्य कर गांव को साफ सुथरा रख ग्रामीणों को बिमारियों से बचाने का जोखिम भरा जीवन उपयोगी काम कर रहे हैं।

**सम्मान** उपायुक्त अभिषेक मीणा ने पीएम श्री राकवमावि की होनहार छात्राओं को किया सम्मानित

## विद्यार्थियों की सफलता में शिक्षकों और अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिकाः डीसी

पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में हुआ समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को मेधावी छात्राओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर डीसी अभिषेक मीणा ने बोर्ड परीक्षाओं एवं विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि शिक्षा जीवन में आगे बढ़ने का सबसे सशक्त माध्यम है। शिक्षा न केवल व्यक्ति के ज्ञान और व्यक्तित्व का विकास करती है, बल्कि उसे जिम्मेदार नागरिक भी बनाती है। उन्होंने छात्राओं को निरंतर मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लड़कियां हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रही हैं। विद्यार्थियों की सफलता में शिक्षकों और अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और मार्गदर्शन प्रदान करना हम सभी की जिम्मेदारी है।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते हुए डीसी अभिषेक मीणा।


रेवाड़ी। मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते हुए डीसी अभिषेक मीणा।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी बिजेंद्र हुड्डा, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी प्रदीप दहिया, पार्षद चंदन यादव, कार्यवाहक प्राचार्या मोनिका यादव और शिक्षिका पूनम यादव सहित सभी स्टाफ सदस्य और छात्राएं मौजूद रही।

## खबर संक्षेप

### संस्था का संस्कार निर्माण कार्यक्रम कल

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से 24 मई को पंजाबी धर्मशाला में संस्कार निर्माण का कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि आईएमए के पूर्व जिला प्रधान डा. दीपक यादव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और वार्ड पार्षद डा. सत्यनारायण यादव विशिष्ट अतिथि रहेंगे। संस्था की ओर से नवनिर्वाचित पार्षद मुकेश वर्मा, सुचित्रा चांदना, नवीन रोहिल्ला भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओबीसी मोर्चा व समाजसेवी हेमंत ग्रोवर का सम्मान किया जाएगा।

### बिजली पेंशनर्स एसो. का स्मारिका विमोचन आज

**रेवाड़ी।** बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला यूनिट की ओर से 23 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक उज्वल स्मारिका विमोचन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। एसोसिएशन प्रधान नरेन्द्र रोहिल्ला ने बताया कि कानोड गेट के पास स्थित हरिओम अग्रसेन अस्पताल आयोजित होने वाले समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा बिजली पेंशनर्स एसोसिएशन के राज्य प्रधान एस के गर्ग शिरकत करेंगे। पत्रिका के विमोचन कार्यक्रम में एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्यों सहित अनेक अतिथि मौजूद रहेंगे।

### शिव मंदिर में जागरण व रक्तदान शिविर 1 को

**कोसली।** कोसली स्थित प्राचीन शिव मंदिर में एक जून को 26वां भंडारा, जागरण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जागरण में स्थानीय भजन गायक कलाकार अपने भजनों से भगवान शिव की महिमा का गुणगान करेंगे। मंदिर के महंत रामदास महाराज ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ-साथ समाज सेवा को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर का आयोजन एम्स बाढ़सा के सहयोग से किया जाएगा। महंत रामदास ने युवाओं एवं समाजसेवियों से रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

### कूलर, एसी और फ्रीज के दाम बढ़े, कंपनियों ने बढ़ा दिए एक से तीन हजार रुपये तक दाम

# भीषण गर्मी में ठंडा पड़ रहा इलेक्ट्रिक बाजार प्रमुख आइटम्स पर पड़ रही महंगाई की मार


- आम आदमी के लिए महंगे आइटम खरीदना मुश्किल बना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

अमेरिका, इजराइल के साथ इराक के युद्ध का असर एक ओर जहां वैश्विक मंदी का कारण बन रहा है, तो पेट्रोलियम पदार्थों में वृद्धि का असर इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार पर भी साफ दिखाई देने लगा है। गर्मी के सीजन में बढ़ती हुई मांग और स्थिर आपूर्ति के कारण ब्रांडेड कंपनियों ने एसी, कूलर और फ्रीज तक के दामों में एक हजार रुपये से लेकर तीन हजार रुपये तक का इजाफा कर दिया है, जिससे यह आइटम आम


वेदांत गुलाटी।

आदमी की पहुंच से दूर होने शुरू हो गए हैं। पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में हो रही वृद्धि के बाद ट्रांसपोर्टरों ने अभी तक किराए में ज्यादा वृद्धि नहीं की है, परंतु प्रमुख आइटम अभी से महंगे होने शुरू हो गए हैं। सबसे बड़ा असर गर्मी के सीजन में उपयोग होने वाले एसी, कूलर और फ्रीज पर पड़ा है। प्रमुख दुकानदारों के अनुसार ब्रांडेड कंपनियों ने रुपये में गिरावट के चलते एसी के दामों में हाल ही में एक हजार रुपये से लेकर तीन हजार रुपये तक की वृद्धि कर दी है। फ्रीज की कीमतें एक से दो हजार रुपये तक बढ़ गई हैं, जबकि कूलर एक हजार रुपये तक महंगे हो गए हैं। कीमत बढ़ने के कारण इनकी बिक्री में भी कमी दर्ज की जा रही है। दुकानदार वेदांत गुलाटी के अनुसार प्रमुख कंपनियों ने अपने उत्पादों की कीमतों में गत दस दिनों के अंतराल में ही वृद्धि करना शुरू किया है। आने वाले दिनों में इन आइटम्स की कीमतें और बढ़ सकती हैं।





रेवाड़ी। रेलवे रोड पर एक दुकान में रखे एसी, गोकल गेट के पास एक दुकान में रखी एलईडी टीवी व एक दुकान में बिकने के लिए रखे कूलर। फोटो : हरिभूमि

#### एलईडी टीवी के दाम भी बढ़ने लगे

दुकानदार ललित सपड़ा ने बताया कि इस समय एलईडी टीवी की डिमांड ज्यादा नहीं है, लेकिन कंपनियों ने इनमें दामों में दो से पांच हजार रुपये तक की वृद्धि कर दी है। दाम बढ़ने के बाद बिक्री पर भी इसका सीधा असर पड़ रहा है। बड़ी संख्या में लोग महंगी ब्रांडेड एलईडी खरीदने की बजाय लोकल पर जोर देने लगे हैं। दुकानदार अनिल गुलाटी ने बताया कि वैश्विक महंगाई का असर लोकल बाजार तक पहुंचना शुरू हो गया है। महंगाई के कारण इन आइटम्स के रेट तेजी से बढ़ने शुरू हो गए हैं।


ललित सपड़ा

#### आयात प्रभावित होने से भी असर

जानकारों के अनुसार ब्रांडेड कंपनियों के उत्पादों में आयातित कंपोनेंट्स का इस्तेमाल भी होता है। युद्ध शुरू होने से आयात भी प्रभावित हुआ है। तेल महंगा होने से ट्रांसपोर्ट का खर्च बढ़ा है, जिससे इन उत्पादों की कीमत कंपनी स्तर पर ही बढ़नी शुरू हो गई है। अगर महंगाई इसी तरह से बढ़ती रही, तो ब्रांडेड कंपनियों के दाम और बढ़ने की पूरी आशंका है। आम आदमी के लिए महंगे आइटम खरीदना मुश्किल बन जाएगा।


अनिल गुलाटी


रेवाड़ी। शिकायतों की समीक्षा करते हुए सीटीएम जितेंद्र कुमार। फोटो : हरिभूमि

## जनसेवा से जुड़े पोर्टल पर लंबित शिकायतों का तुरंत करें समाधान: सीटीएम

**रेवाड़ी।** सीटीएम जितेंद्र कुमार ने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से चलाए जा रहे आमजन से जुड़ी योजनाओं व सेवारत पोर्टल की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करते हुए शिकायतों का तय सीमा में समाधान करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी शिकायतों के समाधान उपरांत एटीआर भी पोर्टल पर अवश्य अपलोड करें। सीटीएम शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में समाधान प्रकोष्ठ व सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे रहे थे। बैठक में एसडीएम सुरेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद थे। सीटीएम ने कहा कि हरियाणा सरकार जनसेवा से जुड़े पोर्टल के माध्यम से लोगों को घर बैठे लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल की अपडेट रिपोर्ट की समीक्षा की। सीटीएम ने सीएम विंडो की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी सीएम विंडो से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लें और समयबद्ध निपटान करें।

## आईएसआई मार्क की गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की पहचान कराने में विशेष भूमिका: महेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

आईएसआई मार्क युक्त उत्पादों की अनिवार्यता विषय पर शुक्रवार को लघु सचिवालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गुणवत्ता मानकों और प्रमाणित उत्पादों के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। भारतीय मानक ब्यूरो फरीदाबाद शाखा के निदेशक एवं ई-वैज्ञानिक महेंद्र कुमार परमाणिक ने बताया कि उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत कार्यरत भारतीय मानक ब्यूरो वस्तुओं और सेवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षा तथा विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न मानक निर्धारित करता है। उन्होंने बताया कि आईएसआई मार्क उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित उत्पादों की पहचान कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने सरकारी खरीद प्रक्रियाओं में आईएसआई मार्क युक्त उत्पादों की अनिवार्यता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इससे सरकारी विभागों को गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध होने के साथ-साथ पारदर्शिता और विश्वसनीयता भी सुनिश्चित होती है।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी व कर्मचारी।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो,फरीदाबाद शाखा के उप निदेशक रोहित रेड्डी, मानक पदोन्नति अधिकारी गौरव कुमार तथा जिला संयोजक वीरेंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी

### सांस्कृतिक अहीरवाल की जिला टीम गठित आचार्य योगेन्द्र संरक्षक नियुक्त


सत्यव्रत शास्त्री

**रेवाड़ी।** सांस्कृतिक अहीरवाल के निदेशक सत्यव्रत शास्त्री ने संगठन की जिला टीम की घोषणा की है। उन्होंने आचार्य योगेन्द्र को सांस्कृतिक अहीरवाल का संरक्षक, यशपाल आर्य को जिला प्रभारी और जिला पार्षद सुरेन्द्र माडिया को जिला संयोजक नियुक्त किया है। इनके अलावा जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में ब्रह्मप्रकाश यादव थानेदार कारोली, डा. धर्मवीर यादव इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, डा. अमित यादव बीकानेर, यास्कानंद आर्य जोनियावास, लक्ष्मीनारायण जलियावास व गजेन्द्र माजरा को शामिल किया गया है। वही खंड संयोजक के रूप में वेदप्रकाश आर्य जखाला को नाहड़, रामकुमार यादव खरखड़ा को धारुहेड़ा, शिम्भूसिंह चौहान धरचाना को बावल, जयपाल माजरा को खोल, सुबेदार मोहनलाल को जाटूसाना और कमल आर्य औलांत को डहीना का संयोजक बनाया गया है।



### प्रत्येक गांव में पानी की समस्या का प्राथमिकता से समाधान करें अधिकारी: अनिल

**कोसली।** कोसली के विधायक अनिल यादव ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी तथा सिंचाई विभाग के अधिकारियों को गर्मी के मौसम को देखते हुए गांवों के जोहड़ और जलघरों के टैंक समय पर भरने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति नियमित रूप से चलनी चाहिए। किसी भी गांव में पानी की समस्या हो तो उसका समाधान प्राथमिकता से किया जाए। विधायक अनिल यादव शुक्रवार को कोसली अनाज मंडी स्थित कार्यालय में जनसमस्याओं की सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस समय भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। गर्मी को देखते हुए पीने के पानी का उचित प्रबंध होना चाहिए। इस अवसर पर चेयरमैन कपिल, मार्केट कमेटी के चेयरमैन महेश यादव, वाइस चेयरमैन दिनेश गोयल, मंडल अध्यक्ष हरीश, मनिंद्र यादव, दीपक यादव, तेजपाल व सरदार सिंह बहाला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## जीएलएस कंपनी पहुंचे विधायक कृष्ण कुमार आगजनी के बारे में हासिल की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बावल

जीएलएस कंपनी में गत 19 मई की दोपहर लगी भीषण आग के बाद कंपनी प्रबंधन की ओर से मैल्ट हुए लोहे के मेटेरियल को हटवाने का कार्य शुरू कराया गया है। तापमान अभी भी अधिक बना होने के कारण इस कार्य में रुकावट आ रही है। दूसरी ओर विधायक डा. कृष्ण कुमार ने शुक्रवार को कंपनी पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रबंधन के अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली।

- कंपनी के मलबे को उठाने का कार्य शुरू, मेल्ट हुए लोहे का तापमान ज्यादा

कंपनी में आग के बाद लापता कर्मचारियों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। एक कर्मचारी की मौत हो चुकी है, जबकि एक अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। प्रशासन की ओर से बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की टीम को भी बठिंडा से बुलाया गया था। सर्च करने के बाद टीम चली गई थी। कंपनी परिसर में स्ट्रक्चर पूरी तरह मेल्ट हो चुका है, जिसे हटाना बड़ी चुनौती बना हुआ है। शुक्रवार को एक हिस्से से मलबा हटाने का कार्य शुरू किया गया। आग अभी भी कुछ हिस्सों में धधक जाती है, जिस कारण मलबा उठाने में दिक्कतें आ रही हैं। मलबा गर्म होने के कारण इसे जेसीबी मशीनों से हटाने में मुश्किलें आ रही हैं। अगले दो-तीन दिन में मलबा हटाने का कार्य जोर पकड़ पाएगा।



#### प्रभावितों को मदद के दिए निर्देश

जीएलएस कंपनी परिसर का जायजा लेने पहुंचे विधायक डा. कृष्ण कुमार ने घटना पर खेद व्यक्त करते हुए कहा कि प्रबंधन को आगजनी में झुलसे लोगों के परिवारों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। मारे गए श्रमिक के परिजनों को आर्थिक सहायता मुहैया कराएं तथा लापता कर्मचारियों के बारे में जल्द स्थिति स्पष्ट करें। उन्होंने प्रबंधन के अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली।


रेवाड़ी। बावल कंपनी का निरीक्षण करने पहुंचे विधायक डा. कृष्ण कुमार एवं आगजनी के बाद कंपनी से मलबा हटाती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि


रेवाड़ी। विद्यार्थियों को शपथ दिलाते हुए पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

## नशे की बुराई के विरुद्ध सामाजिक आंदोलन की आवश्यकता: रामपाल


हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोसली

पुलिस की ओर से जिले को नशा मुक्त करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य मादक पदार्थों के दुरूपयोग और उनकी अवैध तस्करी के प्रति समाज में जन-जागरूकता फैलाना है, साथ ही युवाओं को नशे की गिरफ्त में आने से रोककर एक स्वस्थ, सुरक्षित और जागरूक समाज का निर्माण करना है। शुक्रवार को नशा मुक्त टीम ने गवर्नमेंट स्कूल लुखी व नाहड़ में विद्यार्थियों व आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत करवाया तथा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सहयोग देने की अपील की। इंस्पेक्टर रामपाल ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और इस बुराई के विरुद्ध सामाजिक आंदोलन चलाने की आवश्यकता है। इसलिए समाज का प्रत्येक नागरिक नशा मुक्त समाज बनाने में अग्रणी भूमिका अदा करें। किसी प्रकार की नशे संबंधी सूचना है कोई व्यक्ति नशे का प्रयोग करता है या नशे की सप्लाई इत्यादि करता है तो इस बारे पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या डायल-112 नंबर पर सूचित करें।



### सीजेएम ने लीगल सर्विस कमेटी के पैनल अधिवक्ताओं को दिए दिशा-निर्देश

**रेवाड़ी।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा.रेनू सोलखे ने शुक्रवार को सब डिविजनल लीगल सर्विस कमेटी बावल का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने फ्रंट ऑफिस का निरीक्षण किया एवं रजिस्टर भी जांचें। सीजेएम डा. सोलखे ने सब डिविजनल लीगल सर्विस कमेटी के पैनल अधिवक्ताओं के साथ मीटिंग की तथा उचित दिशा निर्देश दिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा बार एसोसिएशन बावल के सहयोग से बावल कोर्ट में निःशुल्क चिकित्सा कैंप का आयोजन भी किया गया। कैंप में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर व आंखों की जांच की गई। इस अवसर पर अरविंद नशियर, प्रिंसिपल जज पारिवारिक न्यायालय, आलोक आनंद अध्यक्ष सब डिविजनल लीगल सर्विस कमेटी बावल, प्रदीप कुमार सिविल जज जूनियर डिवीजन बावल व प्रीतम ढिल्लों बार प्रेसिडेंट बावल सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित थे।



रेवाड़ी। प्रगणक से उलझते हुए बुजुर्ग एवं पड़ोसियों से झगड़ा करते बुजुर्ग। फोटो : हरिभूमि

## जनगणना के लिए पहुंचे प्रगणक पर हमला

### रोहड़ाई थाना पुलिस ने सास-बहू के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

कन्होरी गांव में जनगणना के लिए एक घर पहुंचे प्रगणक पर वृद्ध ने लाठी से हमला कर दिया। बचाव में आए पड़ोसी के साथ मारपीट शुरू कर दी। प्रगणक की शिकायत पर रोहड़ाई थाना पुलिस ने सास-बहू के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। स्कूल टीचर पवन कुमार ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह 19 मई को कन्होरी में जनगणना कार्य के लिए गया था। उसने मकान नं. 99 पर नंबर अंकित किया, तो वहां बैठे बुजुर्ग रामकिशन ने बिना अनुमति मकान पर नंबर लिखने पर आपत्ति जताई। इसके बाद वह लाठी लेकर मारने के लिए दौड़ा। बचान में पड़ोसी वहां आए, तो रामकिशन और उसकी पुत्रवधु ने उनके साथ भी मारपीट करना शुरू कर दिया। वह मौका दिखाने के लिए पुलिस को अपने साथ लेकर गया, तो पुलिस के सामने ही रामकिशन ने उसे जान से मारने की धमकी दी। बाद में इस मामले का वीडियो वायरल हो गया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आगामी कार्यवाही शुरू कर दी।

### पुलिस कर्मियों ने योग प्रशिक्षण शिविर में कई आसनों का किया अभ्यास

## जवानों के लिए संजीवनी सिद्ध हो सकती है योग पद्धति: एसपी

- 21 जून को पूरे प्रदेश में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला पुलिस की ओर से योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को जिले के सभी थाना-चौकियों और पुलिस लाइन में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखते हुए तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

योग प्रशिक्षकों ने पुलिसकर्मियों को अनेक योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। सत्र की शुरूआत शरीर को शिथिल करने वाले सूक्ष्म व्यायाम से की गई। इसके बाद अनुलोम-विलोम, कपालभाति और भस्त्रिका सहित ताड़ासन, वृक्षासन और भुजंगासन सहित कई महत्वपूर्ण आसनों का भी अभ्यास कराया गया। इस मौके योग आचार्यों ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, मानसिक तनाव दूर होता है और कार्यक्षमता में सकारात्मक वृद्धि होती है।



रेवाड़ी। पुलिस थाने में योगाभ्यास करते हुए पुलिस कर्मी व पुलिस लाइन में योगाभ्यास करते पुलिस कर्मी। फोटो : हरिभूमि

#### 30 मिनट योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि पुलिस का कार्य अत्यंत चुनौतीपूर्ण, संवेदनशील एवं तनावपूर्ण होता है। विषम परिस्थितियों में ड्यूटी करने के कारण पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ता है। ऐसे में योग जैसी प्राचीन भारतीय पद्धति जवानों के लिए संजीवनी सिद्ध हो सकती है। उन्होंने कहा कि सभी पुलिस कर्मचारी नियमित रूप से प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें तो वे न केवल शारीरिक रूप से फिट रहेंगे, बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनेंगे। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवनशैली है, जो शरीर, मन और आत्मा के संतुलन को बनाए रखती है। प्रतिदिन योगाभ्यास से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।